TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

**जयंती विशेष**

**23 सितंबर 2024**

# Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

ऊँच-नीच का भेद न माने

वही श्रेष्ठ ज्ञानी है।

**रामधारी सिंह 'दिनकर'**

**( साहित्यकार )**

**जन्म: 23 सितंबर 1908 मृत्यु: 24 अप्रैल 1974**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 23 सितम्बर

1. **नेप्च्यून की खोज–** नेप्च्यून (वरुण) सौरमंडल का आठवां और सबसे अंतिम ग्रह है। यह सौरमंडल का चौथा बड़ा उपग्रह है। इसकी खोज 23 सितम्बर, 1846 ई. को जर्मन खगोलविद् जोहान गोटफ्राइड गाले ने किया था। वरुण के कुल चौदह उपग्रह है। यह ग्रह 164.8 वर्षों मे सूर्य की एक परिक्रमा करता है। यह अपनी धुरी पर 17.1 घंटे मे एक चक्कर पूरा करता है। इस ग्रह के चारो ओर ठंडा मिथेन का बादल के अतिरिक्त हीलियम, हाइड्रोजन और अमोनिया पाया जाता है। यह हरा रंग का दिखाई पडता है, अतः इसे 'हरा ग्रह' भी कहा जाता है। इसके सबसे बडे उपग्रह का नाम 'ट्राइटन' है, जो इसके प्रतिकूल दिशा मे पूरब से पश्चिम मे घूमता है। वरुण सूर्य से 497 करोड किमी. दूर है।
2. **रामधारी सिंह 'दिनकर' का जन्म–** हिन्दी के प्रमुख लेखक, निबन्धकार और कवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितम्बर, 1908 ई. को सिमरिया घाट, जिला– बेगुसराय, बिहार मे हुआ था। आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप मे उन्होंने प्रसिद्धि हासिल किया है। कुरुक्षेत्र, रश्मिरथि, उर्वशी, संस्कृति के चार अध्याय, परशुराम की प्रतीक्षा, हुंकार, **कृष्ण की चेतावनी** आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं। इन्हें वर्ष 1959 में पद्म भूषण, साहित्य अकादमी पुरस्कार, वर्ष 1972 मे ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
3. **असीमा चटर्जी का जन्म–** विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला रसायनशास्त्री असीमा चटर्जी का जन्म 23 सितम्बर, 1917 ई. को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने जैव रसायन विज्ञान और फाइटोमेडिसिन के क्षेत्र में काम किया। उनका सबसे उल्लेखनीय कार्य में विन्सा एल्कालोइड्स पर शोध है। उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के औषधीय पौधों पर काफी मात्रा में काम किया।
4. **शरद विषुव–** 21 जून के पश्चात् 23 सितम्बर तक सूर्य विषुवत रेखा की ओर उन्मुख होता है। 23 सितम्बर को सूर्य विषुवत् रेखा पर लंबवत् चमकता है। अतः सर्वत्र दिन व रात की अवधि बराबर होती है। इस समय दिन व रात की अवधि बराबर होने के कारण इसे 'विषुव' अथवा 'सम रात–दिन' कहा जाता है। 23 सितम्बर के बाद सूर्य दक्षिणी गोलार्द्ध की ओर उन्मुख होने लगता है। जिससे दक्षिणी गोलार्द्ध में धीरे–धीरे दिन बड़े व रातें छोटी होने लगती है। इस समय उत्तरी गोलार्द्ध में धीरे–धीरे रातें बढ़ी और दिन छोटे होने लगते हैं। इस समय उत्तरी गोलार्द्ध में शीत ऋतु होती है।

Monday




*Madhu priya*


# दिवस विशेष


23 सितंबर

मधु प्रिया

## नेपच्यून ग्रह की खोज 23 सितंबर






वरुण पहला ग्रह ,जिसकी अस्तित्व की भविष्यवाणी उसे बिना कभी देखे ही गणित के अध्ययन से की गयी थी और जिसे फिर उस आधार पर खोजा गया। यह तब हुआ जब अरुण की परिक्रमा में कुछ अजीब गड़बड़ी पायी गयी, जिनका अर्थ केवल यही हो सकता था कि एक अज्ञात पड़ौसी ग्रह उसपर अपना गुरुत्वाकर्षक प्रभाव डाल रहा है। खगोल में खोजबीन करने के बाद यह अज्ञात ग्रह 23 सितम्बर 1846 को पहली दफा दूरबीन से देखा गया और इसका नाम "नॅप्टयून" रख दिया गया। "नॅप्टयून" प्राचीन रोमन धर्म में समुद्र के देवता थे, जो स्थान प्राचीन भारत में "वरुण" देवता का रहा है, इसलिए इस ग्रह को हिन्दी में वरुण कहा जाता है। रोमन धर्म में नॅप्टयून के हाथ में त्रिशूल होता था इसलिए वरुण का खगोलशास्त्रिय चिन्ह ♆ है।वरुण, (अंग्रेजी : नॅप्टयून या नॅप्चयून; प्रतीक: ♆) हमारे सौर मण्डल में सूर्य से आठवाँ ग्रह है। व्यास के आधार पर यह सौर मण्डल का चौथा बड़ा और द्रव्यमान के आधार पर तीसरा बड़ा ग्रह है। वरुण का द्रव्यमान पृथ्वी से 17 गुना अधिक है और अपने पड़ौसी ग्रह अरुण (युरेनस) से थोड़ा अधिक है। खगोलीय इकाई के हिसाब से वरुण की कक्षा सूरज से 30.1 ख॰ई॰ की औसत दूरी पर है, यानि वरुण पृथ्वी के मुक़ाबले में सूरज से लगभग तीस गुना अधिक दूर है। वरुण को सूरज की एक पूरी परिक्रमा करने में 164.79 वर्ष लगते हैं, यानि एक वरुण वर्ष 165.79 पृथ्वी वर्षों के बराबर है।

# जयंती विशेष 23 सितंबर

राकेश कुमार




**रामधारी सिंह 'दिनकर'** *Ramdhari Singh Dinkar*, जन्म: 23 सितंबर, 1908, बिहार; मृत्यु: 24 अप्रैल, 1974, तमिलनाडु) हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक, कवि एवं निबंधकार थे। 'राष्ट्रकवि दिनकर' आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप में स्थापित हैं।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.09.2024

## अध्ययन कौशल

अध्ययन कौशल या अध्ययन रणनीतियाँ सीखने के लिए लागू दृष्टिकोण हैं। अध्ययन कौशल कौशलों की एक श्रृंखला है जो नई जानकारी को व्यवस्थित करने और ग्रहण करने, जानकारी को बनाए रखने या आकलन से निपटने की प्रक्रिया से निपटते हैं।

# TOB
राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## क्रिकेट




## 2023 से भारत के लिए सबसे ज्यादा सेंचुरी

| प्लेयर | मैच | रन | सेंचुरी |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 66 | 3094 | 10 |
| विराट कोहली | 50 | 2367 | 8 |
| रोहित शर्मा | 56 | 2801 | 7 |
| यशस्वी जायसवाल | 33 | 1817 | 4 |
| केएल राहुल | 35 | 1388 | 3 |

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



बिहार के रहने वाले **अभिषेक कुमार** को गूगल द्वारा **2.5 करोड़ रुपए** का पैकेज ऑफर किया गया है। अभिषेक जल्द ही **गूगल** लंदन के ऑफिस को ज्वाइन करेंगे। इससे पहले वो **अमेजन** में काम करते थे।

# अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2024

## प्रश्न-सह- उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच 26.09.2024 से 30.09.2024 तक (29.09.2024 को छोड़कर)

कक्षा III-VIII के छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन,2024 के प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच/मूल्यांकन निकटस्थ कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर/संकुल स्तर पर किया जाएगा तथा कक्षा–1 एवं 2 के छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन,2024 मूल विद्यालय में ही किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य CRC/URC द्वारा दिनांक 26.09.2024 से 30.09.2024 तक (29.09.2024 को छोड़कर) अधिकतम पॉच कार्य दिवसों की अवधि में (क) उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच (ख) प्रत्येक छात्र–छात्राओं के परिणाम को मूल्यांकन पंजी/मूल्यांकन पंजी प्रपत्र में संधारित करने (ग) प्रगति पत्रक में विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित करने का कार्य पूरा किया जाएगा।


## शिक्षक-अभिभावक बैठक एवं वर्ग-1 से 8 तक छात्र/ छात्राओं की प्रगति का sharing 05 अक्टूबर 2024

अतएव उपरोक्त के उपरान्त दिनांक 05 अक्टूवर,2024 को जिले के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शिक्षक–अभिभावक बैठक (PTM) आहूत कर कक्षा 1 से 8 तक के छात्र–छात्राओं की प्रगति का Sharing किया जाएगा। मूल्यांकित प्रश्न पत्र–सह–उत्तर प्रस्तिका छात्र–छात्राऐं अपने घर ले जायेंगे। वैसे अभिभावक जो PTM में उपस्थित होते हैं, उनके हस्ताक्षर मूल्यांकित प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका प्राप्त करते समय अवश्य लिए जाएँ। PTM में अनुपस्थित रहनेवाले अभिभावकों से तुरंत पत्राचार किया जाए एवं उन्हें परीक्षा एवं पाठ्यक्रम के संबंध में उचित रूप से अवगत कराया जाए। ग्रेड C,D एवं E लानेवाले छात्र–छात्राओं के लिए रणनीति का निर्धारण किया जाएगा।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

23 सितंबर



राष्ट्रकवि

# रामधारी सिंह दिनकर

की जयंती पर सादर नमन

23 सितंबर 1908 - 24 अप्रैल 1974



www.teachersofbihar.org

Punita Kumari


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
'ज्ञानपीठ पुरस्कार', 'साहित्य अकादमी पुरस्कार',
'पद्म भूषण' से सम्मानित प्रसिद्ध राष्ट्रकवि
रामधारी सिंह दिनकर
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 23 सितंबर 1908 - मृत्यु- 24 अप्रैल 1974
www.teachersofbihar
मधु प्रिया



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## डॉक्टरेट ऑफ साइंस (DSc) की उपाधि से अलंकृत, भारतीय महिला रसायनशास्त्री

# असीमा चटर्जी

की जयंती पर नमन।

23 सितम्बर 1917 - 22 नवम्बर 2006

www.teachersofbihar.org

Madhu priya